# कार्यालय नगर पालिक निगम धमतरी, जिला–धमतरी (छ.ग.)

Website - www.nagarnigamdhamtari.com, Email ID - commissionerdhamtari@gmail.com, Phone Fax No. 07722-241599

## –:: ई–प्रोक्यूरमेन्ट रूचि की अभिव्यक्ति (EOI) – तृतीय ::–

Main Portal : http//eproc.cgstate.gov.in
Municipal Corporation Portal:/http://www.nagarnigamdhamtari.com

क्रमांक/कार्य.अभि./लोक कर्म/ई.ओ.आई./2021/252 धमतरी, दिनांक 14/6/2021

नगर पालिक निगम धमतरी क्षेत्रांतर्गत नहर नाका के पास स्थित मुक्तिधाम में गैस आधारित शवदाह गृह (LPG Gas Fired Crematorium Furance Electronic Incinerator System For Human Body Cremanation) मशीनरी प्रदाय, स्थापना एवं संचालन कार्य (अनुमानित लागत राशि 47.00 लाख रूपये) हेतु निर्माता कंपनियों/अधिकृत विक्रेताओं से जो कार्य करने इच्छुक हो, रूचि की अभिव्यक्ति अंतर्गत एकमुश्त राशि के आधार पर फॉर्म "B" में ऑनलाईन ऑफर दर ई–टेण्डर सिस्टम टेण्डर क्रमांक 78257 अंतर्गत दिनांक 25.06.2021 तक आमंत्रित की जाती है। ऑनलाईन ऑफर दर के साथ वांछित समस्त दस्तावेज निविदा प्रपत्र का मूल्य के ड्राफ्ट की प्रति एवं धरोहर राशि के एफ.डी.आर. की स्कैन कॉपी ऑनलाईन सिस्टम पर अपलोड करना होगा। ई.एम.डी. राशि 141000.00 रूपये (एफ.डी.आर. के रूप में जो कि आयुक्त, नगर पालिक निगम धमतरी के नाम से देय हो) एवं निविदा प्रपत्र शुल्क राशि 1500.00 रूपये (डी.डी. के रूप में जो कि आयुक्त, नगर पालिक निगम धमतरी के नाम से देय हो) स्पीड पोस्ट के माध्यम से दिनांक 28.06.2021 को सांय 5.30 बजे तक जमा करना होगा। प्रस्तुत ऑफर दिनांक 02.07.2021 को सायं 05:30 बजे खोला जावेगा।

कार्य से संबंधित विस्तृत शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में निगम कार्यालय के लोक कर्म शाखा से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी ई–प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल Main portal:eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट www.nagarnigamdhamtari.com तथा संचालनलाय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में अवलोकन एवं डाउनलोड भी की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम धमतरी

पृ.क्रमांक/कार्य.अभि./लोक कर्म/ई.ओ.आई./2021/253 धमतरी, दिनांक 14/6/2021
प्रतिलिपि –

01. महापौर महोदय, नगर पालिक निगम धमतरी।
02. अध्यक्ष (स्पीकर) महोदय, नगर पालिक निगम धमतरी।
03. आयुक्त महोदय, नगर पालिक निगम धमतरी।
04. प्रभारी सदस्य, लोक निर्माण विभाग/स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग, नगर पालिक निगम धमतरी।
05. कलेक्टोरेट, जिला – धमतरी।
06. अनुविभागीय अधिकारी, (राजस्व), धमतरी।
07. कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग, धमतरी।
08. प्रेषक, नगर पालिक निगम धमतरी को सूचना फलक में चस्पा करने हेतु।
09. ग्रंथपाल, नगर पालिक निगम धमतरी को प्रकाशन पश्चात निविदा सूचना का पेपर कतरन प्रस्तुत करने हेतु।
10. डाटा सेन्टर प्रभारी, नगर पालिक निगम धमतरी उक्त सूचना ई–प्रोक्यूरमेंट, विभागीय वेबसाईट में अपलोड करें तथा डाटा सेन्टर रायपुर को भेजे।
11. संपादक, प्रतिनिधि, दैनिक नवभारत, हरिभूमि समाचार पत्र को 2 X 10 सें.मी. साईज में उपरोक्त विज्ञापन प्रकाशित किये जाने हेतु प्रेषित।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम धमतरी



Scanned with CamScanner

# कार्यालय नगर पालिक निगम धमतरी, जिला – धमतरी (छ.ग.)

*Website – www.nagarnigamdhamtari.com, Email ID – commissionerdhamtari@gmail.com, Phone/Fax No. 07722-241599*


**Name of Work :-** Providing & Installation of LPG Gas Fired Crematorium Furance Electronic Incinerator System For Human Body Cremanation for Capacity of Average One body per hour (or 6 body in a Day) along with the ETP System, Air Purification System with Three Years AMC (Operation & Maintenance Cost Complete as per requirement).

## –:: प्रस्ताव प्रस्तुत करने हेतु नियम/शर्तें ::–

01. इच्छुक प्रस्तावकर्ता फर्म को निविदा के तकनीकी प्रस्ताव के अंतर्गत निम्नांकित दस्तावेज ऑनलाईन स्कैन कर एवं हार्ड कॉपी में रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा –

**प्रथम लिफाफा में –**

(I) धरोहर राशि 141000.00 रूपये का एफ.डी.आर. (जो कि आयुक्त, नगर पालिक निगम धमतरी के नाम से देय हो)।

(II) निविदा प्रपत्र शुल्क/निविदा. शुल्क राशि 1500.00 रूपये का डी.डी. (जो कि आयुक्त, नगर पालिक निगम धमतरी के नाम से देय हो)।

**द्वितीय लिफाफा में –**

(I) निर्माता कम्पनियों/अधिकृत विक्रेताओं को सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी पंजीयन प्रमाण पत्र, यदि साझेदारी फर्म हो तो उसका प्रमाण पत्र (पार्टनरशीप डीड) की सत्य प्रतिलिपि।

(II) विगत 03 Assessment Year (2017–18 से 2019–20) का आयकर रिटर्न।

(III) पेनकार्ड की प्रति।

(IV) जी.एस.टी. पंजीयन प्रमाण पत्र।

(V) निविदा लागत के 15 प्रतिशत राशि (7.05 लाख रूपये) के बराबर या उससे अधिक लागत का बैंक साल्वेंसी सर्टिफिकेट (जो निविदा जमा करने की तिथि तक वैध हो) तथा कार्य आबंटन की स्थिति में सिस्टम स्थापना एवं तीन वर्षीय संचालन कार्य की अवधि तक प्रतिवर्ष नवीन एवं वैध बैंक साल्वेंसी सर्टिफिकेट प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

(VI) निविदा के साथ प्रस्तुत दस्तावेज एवं जानकारी के सत्य एवं सही होने के संबंध में तथा कम्पनी/अधिकृत विक्रेताओं का पंजीयन किसी भी केन्द्र/राज्य शासन, शासकीय, अर्द्धशासकीय, पब्लिक सेक्टर अथवा प्रतिष्ठित प्राईवेट सेक्टर (प्रा.लिमि. कम्पनी) संस्था में काली सूची में दर्ज नहीं होने के संबंध में राशि 100.00 रूपये के नॉन–ज्युडिशियल स्टेंम्प पेपर में शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा।

(VII) प्रस्तावकर्ता फर्म के पास ISO प्रमाण–पत्र होना अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त प्रस्तावकर्ता को MSE नार्म्स का पालन ISO प्रमाण–पत्र के अनुरूप करना होगा।

(VIII) कार्यानुभव – प्रस्तावकर्ता को निविदा मूल्य के दो गुणा मूल्य (राशि 94.00 लाख रूपये) के क्रय आदेश पूर्ण करने का अनुभव एवं प्रस्तावकर्ता के पास चाही गई उपकरण अथवा इसी प्रकार के उपकरण प्रदाय करने का क्रय आदेश किसी भी शासकीय विभाग से होना अनिवार्य है, जिसके लिए संबंधित कार्यालय प्रमुख से प्रमाणित दस्तावेज/प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा।

(IX) प्रस्तावकर्ता का टर्न ओव्हर (वार्षिक आय) निविदा मूल्य का न्युनतम 150 प्रतिशत (राशि 70.50 लाख रूपये) लगातार 03 वर्षो को मिलाकर होना चाहिए, जो कि शासकीय उपक्रम से होना चाहिए।

**तृतीय लिफाफा में (टेक्नीकल बिड) –**

(I) समय सीमा में सिस्टम प्रारंभ करने हेतु प्रस्तावित कार्य योजना (सिस्टम स्थापना हेतु आवश्यक समस्त मशीनरी का स्पेसिफिकेशन, ड्राईग–डिजाईन इत्यादि सहित)।

निविदाकार को उपरोक्त समस्त वांछित दस्तावेज एवं प्रमाण पत्र स्वंय स्वःप्रमाणित करना होगा।

उपरोक्त वांछित समस्त दस्तावेज प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय लिफाफे में रजिस्टर डाक/स्पीड् पोस्ट के माध्यम से फिजिकल एवं ऑनलाईन स्केन कर दोनों तरीके से प्रस्तुत करना होगा। उपरोक्त समस्त वांछित एवं वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने वाले प्रस्तावकर्ता ही निविदा. में भाग लेने के लिए पात्र होंगे तथा टेक्नीकल बिड Proper पाये जाने पर पात्र प्रस्तावकर्ताओ का वित्तीय प्रस्ताव (Online Financial Bid) नेट से खोला जायेगा।




Scanned with CamScanner

02. निविदा अहस्तांतरणीय (Subletting will not be permitted) होगी एवं सशर्त निविदा. पर विचार नहीं किया जावेगा।

03. निर्माता कम्पनियों/अधिकृत विक्रेताओं जो LPG Gas Fired Crematorium Furance Electronic Incinerator System For Human Body Cremanation मशीनरी प्रदाय, स्थापना एवं संचालन कार्यो का अनुभव रखते है, को निविदा में भाग लेने की पात्रता होगी।

04. प्रस्तावित निविर्दा.कार्य अनुसार प्रदाय किए जाने वाले उपकरण मशीनरी एवं आवश्यक सामाग्री की दर में समस्त कर (जी.एस.टी. सहित) परिवहन, स्थापना एवं टेस्टिंग एवं कमीशनिंग सहित 03 माह सफलतापूर्वक संचालन कार्य हेतु प्रस्तावकर्ता फर्म/एजेंसी को निविदा दर प्रस्तुत करना होगा। नगर पालिक निगम, धमतरी द्वारा एजेंसी के ड्राईग एवं डिजाईन अनुसार सिविल कार्य कराया जाएगा तथा Crimination System हेतु एजेंसी को आवश्यकतानुसार विद्युत कनेक्शन, एवं जलप्रदाय कनेक्शन प्रदाय किया जावेगा।

05. इच्छुक प्रस्तावकर्ता फर्म को LPG Gas Fired Crematorium Furance Electronic Incinerator System For Human Body Cremanation System के ड्राईग, डिजाईन एवं स्पेसिफिकेशन के संबंध में कार्यालय में उपस्थित होकर दिनांक 29/06/2021 को समय 12:00 pm बजे विस्तृत जानकारी प्रस्तुत करना होगा।

06. एजेंसी द्वारा 03 वर्ष के लिए वार्षिक संचालन एवं संधारण हेतु पृथक दर प्रस्तुत करना होगा साथ ही सिस्टम में स्थापित यांत्रिक, सिविल एवं विद्युत उपकरण के नियमित संधारण हेतु नियमानुसार मानक का विवरण प्रस्तुत करना होगा।

07. कार्यादेश के 03 दिवस के भीतर एजेंसी के सक्षम/अनुभवी इंजीनियर्स द्वारा निरीक्षण तथा सिविल कार्य हेतु ड्राईग एवं डिजाईन के साथ ले-आउट देना होगा।

08. LPG Gas Fired Crematorium Furance Electronic Incinerator System For Human Body Cremanation System में स्थापित यांत्रिक, सिविल एवं विद्युत उपकरण के संचालन एवं सुरक्षा के संबंध में शासकीय एजेंसी से Inspection Report तथा पर्यावरण मानक के अनुसार आवश्यक प्रमाण पत्र प्राप्त कर प्रस्तुत करना होगा।

09. विभाग द्वारा सिविल कार्य पूर्ण करने के पश्चात् सफल प्रस्तावकर्ता/अनुबंधित एजेंसी को सिस्टम स्थापना का कार्य 01 माह में पूर्ण करना होगा। इस हेतु निम्नानुसार भुगतान देय होगा –
(A) आवश्यक उपकरण मशीनरी प्रदाय कार्य पूर्ण होने पर – 50%
(B) Crimination System के स्थापना कार्य पूर्ण होने पर – 25%
(C) Crimination System के सफलतापूर्वक टेस्टिंग पूर्ण होने पर – 15%
(D) Crimination System के सफलतापूर्वक 03 माह संचालन पश्चात् – 10%

10. Crimination System स्थापना कार्य एवं 03 वर्ष की अवधि के लिए संचालन कार्य हेतु पृथक-पृथक दर प्रस्तुत करना होगा। Crimination System स्थापना कार्य के प्रत्येक चल देयक से 05 प्रतिशत राशि परफार्मेंस गारंटी (P.G.) के रूप में पृथक से रोकी जावेंगी, जिसका भुगतान संचालन कार्य की 03 वर्षीय अवधि पूर्णता पश्चात् गुणवत्तायुक्त संचालन के आधार पर किया जावेगा।

11. सिस्टम स्थापना कार्य में विम्लव होने पर टेण्डर फार्म B के clause 2 के अनुसार पेनाल्टी कटौती किया जाएगा।

12. सम्पूर्ण किये गये कार्यो के लिए 05 प्रतिशत सुरक्षा निधि (वापसी योग्य), कर्मकार शुल्क (वापसी योग्य नहीं) 01 प्रतिशत एवं नियमानुसार आयकर, जी.एस.टी. (टी.डी.एस.) प्रत्येक चल देयकों से कटौती की जावेगी। देयक से कटौती की गई 05 प्रतिशत सुरक्षा निधि राशि संचालन कार्य की 03 वर्षीय अवधि पूर्णता पश्चात् गुणवत्तायुक्त संचालन के आधार पर वापसी योग्य होगा।

13. सिस्टम स्थापना एवं 03 माह सफल संचालन के पश्चात् वार्षिक संचालन एवं संधारण की अवधि की गणना की जावेगी जो कि 03 वर्ष के लिए होगी।

14. सिस्टम का संचालन विना किसी रूकावट अवरोध के सफलतापूर्वक करना होगा, जिसके लिए पृथक से ऑपरेटर अथवा श्रमिक विभाग द्वारा उपलब्ध नहीं कराया जाएगा।

15. नियमानुसार एजेंसी द्वारा रखे गए कर्मचारी को श्रम विभाग द्वारा निर्धारित दर पर पारिश्रमिक भुगतान करते हुए श्रम कानून का पालन करना होगा तथा किसी भी प्रकार के Casuality पर अनुबंधित एजेंसी की जवाबदारी होगी।

16. संचालन अवधि में सिस्टम में समस्त प्रकार के रख-रखाव मरम्मत एवं संधारण सहित आवश्यक सामाग्री स्पेयर पार्टस इत्यादि की व्यवस्था का कार्य अनुबंधित एजेंसी को करना होगा।

17. ऑपरेशन व मेन्टेंनेंस हेतु प्रत्येक 03 माह में भुगतान किया जावेगा।

18. एजेंसी द्वारा 03 दिवस से अधिक अवधि हेतु संचालन संधारण कार्य नहीं करने पर प्रति दिवस रूपये 1000.00 का दण्ड आरोपित किया जाएगा जो कि एजेंसी के देयकों से कटौती की जावेगी। एजेंसी की उदासीनता अथवा जानबूझकर लगातार 15 दिवस संचालन संधारण कार्य नहीं करने पर अनुबंधित एजेंसी की जमा धरोहर राशि राजसात करते हुए अनुबंध निरस्ती की कार्यवाही की जाएगी।

19. एजेंसी द्वारा किए जा रहे मेनटेनेंस का विवरण कार्य स्थल पर निर्धारित पंजी एवं सूचना पटल पर अंकित करना होगा।



Scanned with CamScanner

20. एजेंसी के अनुभवी प्रशिक्षक द्वारा निगम के कम से कम 06 कर्मचारियों को सिस्टम के संचालन का निःशुल्क प्रशिक्षण देना अनिवार्य होगा।

21. कार्यादेश उपरांत कार्य के लिए आवश्यक उपकरण एवं मशीनरी का कार्यस्थल में स्थापना कार्य से लेकर 03 वर्ष के लिए संचालन–संधारण कार्य की अवधि तक समस्त प्रकार की सुरक्षा व्यवस्था, रख–रखाव एवं मरम्मत संधारण की जिम्मेदारी अनुबंधित एजेंसी की होगी।

22. निविदा.के संबंध में किसी प्रकार के विवाद की स्थिति में आयुक्त, नगर पालिक निगम धमतरी का निर्णय अंतिम होगा।

23. निविदा.में प्रस्तुत दर को अंशतः अथवा पूर्णतः अस्वीकार अथवा स्वीकार करने का अधिकार आयुक्त, नगर पालिक निगम धमतरी का होगा।

24. किसी भी स्थिति में अनुबंध शर्तो का उल्लघन करने पर एजेंसी के आगामी देयकों का भुगतान नहीं किया जाएगा साथ ही अनुबंध शर्तो के अनुसार कार्यवाही की जाएगी, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी एजेंसी की होगी।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम धमतरी



Scanned with CamScanner